Title: Request not to close the mines of Jodhpur district due to installation of a RADAR by the Defence Department.

श्री जसवंत सिंह बिश्नोई (जोधपुर) : उपाध्यक्ष महोदय, जोधपुर लोक सभा क्षेत्र जहां से मैं आया हूँ, पश्चिमी राजस्थान में खास तौर से पाकिस्तान बॉर्डर से लगता हुआ जिला है। जोधपुर लोक सभा क्षेत्र में रक्षा विभाग की महत्वपूर्ण गतिविधियां चलती हैं, वहां जगह-जगह उन्होंने राडार लगा रखे हैं। पिछले करीब 300 वर्षों से वहां पर माइनिंग का कार्य चल रहा है लेकिन रक्षा विभाग के एक राडार की वजह से आज करीब जो 600 खानें वहाँ चल रही थीं, उनको नोटिस दिया जा रहा है कि उनको बंद किया जाए। इससे तीन लाख मजदूर बेकार हो जाएंगे और उनको रोज़ी-रोटी नहीं मिलेगी। जोधपुर में जहां इतनी बड़ी संख्या में माइन्स हैं और करीब 300 वर्षों से चल रही हैं, एक छोटे से राडार के लिए तीन लाख लोग बेकार हो जाएंगे तो रोज़ी रोटी के लिए कहां जाएंगे? मैं आपके माध्यम से भारत सरकार के रक्षा विभाग का ध्यान दिलाना चाहता हूं कि उस राडार को कहीं दूसरी जगह शिफ्ट कर लें लेकिन उन माइन्स को बंद न होने दें।